तापमान

अधिकतम 24 डिग्री

न्यूनतम 11 डिग्री

# हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 31 जनवरी 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



4 जरूरतमंद महिला को मिली सिलाई मशीन




## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को शहीद दिवस जिले में श्रद्धा, गरिमा और अनुशासन के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय के कलेक्टर न्यायालय परिसर में पूर्वान्ह 11 बजे दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान शासकीय एवं गैर-शासकीय सभी गतिविधियां पूर्णतः स्थगित रहीं और वातावरण गंभीर एवं शांत बना रहा, इसके बाद जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशा-मुक्ति की शपथ दिलाई गई। उन्होंने समाज को नशा-मुक्त बनाने, युवाओं को नशे से दूर रखने तथा सकारात्मक सामाजिक वातावरण के निर्माण के लिए सतत प्रयास करने का आह्वान किया। इस अवसर पर शहीदों के बलिदान को स्मरण करते हुए राष्ट की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया गया।

### भाजपा ने किया गांधी का अपमानः पूनम

**मनेन्द्रगढ़।** कांग्रेस नेत्री पूनम सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की



पुण्यतिथि और शहीद स्मृति दिवस के अवसर पर छग सरकार द्वारा शराब दुकानें खुली रखने के फैसले की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने इसे गांधीवादी विचारधारा और देश के शहीदों का खुला अपमान करार दिया है। प्रेस को जारी बयान में पूनम सिंह ने कहा कि पूरा देश आज के दिन अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी को नमन कर रहा है और शहीदों को याद कर रहा है। दशकों से यह परंपरा रही है कि 30 जनवरी को पूरे देश में शुष्क दिवस रहता है ताकि नई पीढ़ी संयम और नैतिकता का संकल्प ले सके, लेकिन छग की भाजपा सरकार ने इस पवित्र दिन पर भी शराब दुकानें खोलकर यह साबित कर दिया है कि उनके लिए गांधी जी के आदर्शों और शहीदों के सम्मान से ज्यादा शराब की कमाई (राजस्व) महत्वपूर्ण है।

### विशेष जागरूकता अभियान का समापन



**मनेन्द्रगढ़।** राष्ट्रीय बालिका दिवस भारत में प्रतिवर्ष 24 जनवरी को मनाया जाता है। इसकी शुरूआत महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2008 में की गई थी। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों के संरक्षण, सेव द गर्ल चाइल्ड, चाइल्ड सेक्स रेशियो में सुधार, बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा तथा उनके लिए सुरक्षित वातावरण के निर्माण को लेकर समाज में व्यापक जन जागरूकता फैलाना है। इसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत महिला सशक्तिकरण (हब) द्वारा 16 से 30 जनवरी तक 15 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया, जिसका समापन शहीद दिवस के उपलक्ष्य पर 30 जनवरी को शासकीय हाईस्कूल पिपरिया, विकासखंड मनेन्द्रगढ़, जिला एमसीबी में किया गया।

### 16 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**बैकुण्ठपुर।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में संशोधित प्रावधानों में निहित प्रावधान अनुसार राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6(4) के परिशिष्ट-1 की कंडिका-6(1) के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। अपर कलेक्टर द्वारा प्राकृतिक आपदा में मृतकों के वारिसों को 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। जिसमें तहसील बैकुंठपुर के ग्राम रोबो निवासी लल्लाबाबू की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस सुनिता, ग्राम आमापारा के निवासी फुलची बाई की मृत्यु सर्पदंश से होने पर उनके वारिस देवकुमारी, तहसील पोंडी (बचरा) के ग्राम टेडमा निवासी बृज कुमार की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस फुलेश्वरी, ग्राम गेजी निवासी सुदामा की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस आधार सिंह को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

## इस बार फरवरी में होगी परीक्षाएं, तैयारियों में जुटा शिक्षा विभाग

# 25 केन्द्रों में 5619 विद्यार्थी देंगे बोर्ड परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

माशिमं द्वारा आयोजित 10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षा की परीक्षा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। इस वर्ष 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड की परीक्षा फरवरी के दूसरे पखवाड़े में शुरू हो जाएगी, इसे लेकर जिले में शिक्षा विभाग द्वारा बोर्ड परीक्षा की तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसके पूर्व के वर्षो में उक्त बोर्ड की परीक्षा मार्च के महीने में शुरू होती थी, लेकिन इस वर्ष फरवरी के दूसरे पखवाड़े में ही उक्त कक्षाओं की परीक्षा शुरू कर दी जाएगी, इसके लिए समय-सारणी माशिमं द्वारा घोषित की जा चुकी है।

बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्री बोर्ड की परीक्षा भी संपन्न गई और प्रायोगिक परीक्षा का कार्य भी पूर्णता की ओर है। जिले के विद्यालयों में पढ़ाई जोर शोर से चल रहा है और जिला कलेक्टर के निर्देश पर 10 वीं तथा 12 वीं बोर्ड के विद्यार्थियों पर ध्यान ध्यान देने के निर्देश दिए गए है। मिशन के तहत बोर्ड के विद्यार्थियों की तैयारी कराई जा रही है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में बीते वर्ष कोरिया जिले में बोर्ड परीक्षा के नतीजे काफी बेहतर रहा और इस वर्ष भी कोरिया जिले को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए मिशन के तहत बोर्ड के विद्यार्थियों की तैयारियां कराई जा रही है।




### 5 हजार से अधिक विद्यार्थी होंगे शामिल

चालू शिक्षा सत्र में 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड में कुल 5 हजार से अधिक विद्यार्थी परीक्षा के लिए पंजीकृत है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार चालू शिक्षा सत्र में 10 वीं बोर्ड में कुल 2682 तथा 12 वीं बोर्ड में कुल 2937 विद्यार्थी पंजीकृत है। इस तरह कोरिया जिले में दोनों बोर्ड परीक्षाओं में कुल 5619 विद्यार्थी पंजीकृत है।

### दो दर्जन से अधिक परीक्षा केन्द्र

कोरिया जिले में बोर्ड परीक्षा के लिए इस बार 25 केन्द्र बनाए गए हैं। सभी परीक्षा केन्द्रों में आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश विभाग के अधिकारी द्वारा दिए गए है। कोरिया जिले में सोनहत जनपद क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि बोर्ड के परीक्षार्थियों को कई किमी दूरी तय कर परीक्षा केन्द्र तक पहुंचते हैं, इससे विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### विषय शिक्षक नही करेंगे ड्यूटी

जानकारी के अनुसार बोर्ड परीक्षा में जिस दिन जिस विषय का पेपर निर्धारित है, उस दिन संबंधित विषय शिक्षकों की ड्यूटी परीक्षा केन्द्र में नहीं लगाई जाने के निर्देश उच्च कार्यालय द्वारा दिए गए हैं और न ही उस दिन संबंधित विषय शिक्षक की ड्यूटी उड़नदस्ता दल में भी नहीं लगाई जाएगी।

### 25 केन्द्रों में होगी परीक्षाएं

बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर सभी तैयारियां की जा रही हैं। कोरिया के 25 केन्द्रों में 10 वीं और 12 वीं की परीक्षाएं संपन्न होंगी।

**-विनोद राय,** डीईओ कोरिया

# धान खरीदी की अंतिम तारीख आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

प्रदेश सरकार द्वारा पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की मियाद आज के बाद खत्म हो जाएगी। इधर जिले के कई किसानों के द्वारा अपना पूरा धान नहीं बेच पाए हैं, जिसके कारण वे चिंता में डूब गए है।

- **सरकार समय-सीमा बढ़ाने अब तक कोई निर्णय नहीं ले सका**

शहर में 29 जनवरी को गोंगपा ने रैली निकालकर धान खरीदी की अवधि बढ़ाने की मांग को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा, वहीं कांग्रेस ने भी धरना प्रदर्शन कर धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाने की मांग की, लेकिन सरकार द्वारा अब तक कोई निर्णय समय-सीमा बढ़ाने को लेकर नहीं लिया जा सका है, ऐसे में 31 जनवरी को धान खरीदी का अंतिम दिवस होगा। इस वर्ष कोरिया जिले में धान का बम्पर उत्पादन हुआ था।



धान खरीदी केन्द्र।

### उठाव नहीं होने से लगा जाम

कोरिया जिले में धान खरीदी के बाद पर्याप्त उठाव नहीं होने के कारण कई समितियों के प्रांगण में धान के बोरियों का स्टॉक जमा हो गया और स्थिति यह है आने वाले धान को रखने केलिए जगह की भी कमी होने लगी है। नियम के अनुसार धान खरीदी के 72 घंटे में उठाव होना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं होने के कारण समिति प्रांगण में धान बोरियों का जाम लगा है।

### कई गांवों में कर रहे रतजगा

जिले के विभिन्न समितियों में धान विक्रय के लिए किसानों ने टोकन कटाने के बाद अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं और समिति प्रांगण में अपना धान विक्रय के लिए ले गए हैं, लेकिन उनकी बारी नहीं आने के कारण धान की रखवाली के लिए रतजगा भी कर रहे हैं। खरीदी के अंतिम दौर पहुंचने के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है।



## बाजार में बिकने आ गए हरे चने

**बैकुण्ठपुर।** खेतों से हरा चना शहर के बाजार में पहुंचना शुरू हो गया। कोरिया जिले के साथ पड़ोसी सूरजपुर जिले से भी हरा चना आना शुरू हो गया है। सूरजपुर जिले के कुदरगढ़ से आए व्यापारी गोलू साहू भारी मात्रा में हरा चना लेकर शहर केबाजार पहुंचा। जानकारी के अनुसार वर्तमान में हरा चना मुट्ठी भर बंडल 10 रूपए की है तथा किलों में 50 रूपए किलो की दर से बेची जा रही है। शहर में सुबह होने के कुछ घंटे बाद ही हरा चना के व्यापारी पहुंच कर कुमार चौक के निकट अपनी दुकान सजा लेते हैं, जहां खरीदी करने वालों की भीड़ जुटना शुरू हो जाता है। वर्तमान में हरा चना के व्यापारी ज्यादा नहीं है।

# विधायक ने किया संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

आकांक्षी विकासखंड बैकुंठपुर में भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा संचालित संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ शुक्रवार 30 जनवरी को जिला पंचायत सभागार में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक भईयालाल राजवाड़े रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अभियान के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान 28 जनवरी से 14 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत निर्धारित 3 माह की अवधि में चिन्हित सूचकांकों में शत-प्रतिशत संतृप्ति हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत कुल 6 प्रमुख सूचकांकों पर कार्य किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों को अनुपूरक पोषण प्रदान करना, 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों का नियमित वजन एवं लंबाई मापन, आंगनबाड़ी केन्द्रों में सुरक्षित पेयजल एवं शौचालय सुविधा सुनिश्चित करना शामिल है। इसके साथ ही शिक्षा विभाग द्वारा सभी बालिका विद्यालयों में शौचालय सुविधा उपलब्ध कराना तथा पशुपालन विभाग द्वारा सभी पात्र पशुओं का एफएमडी टीकाकरण किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ ने कहा ▶▶ शेष पेज 4 पर

# कॉलेज में नशामुक्त भारत एवं सड़क जागरूकता अभियान

**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में राष्टपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि को शहीद दिवस के रूप में रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में मनाया गया। इस अवसर पर दो चरणों में कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. श्राबनी चक्रवर्ती के संरक्षण में किया गया। महाविद्यालय में संचालित प्रातःकालीन पाली में प्रातः 11 बजे राष्टपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात दो मिनट का सभी विद्यार्थियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा मौन रखा गया।



नशामुक्त भारत के लिए अभियान चलाने के उद्देश्य से नशामुक्ति की शपथ प्रभारी प्राचार्य डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई द्वारा दिलाई गई। सभी ने लेते हुए एमसीबी जिला को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। इसी क्रम में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत सड़क सुरक्षा से संबंधित संकेतों एवं मोटर वाहन चालन संबंधी जानकारी दी गई। सभी को हेलमेट लगाने के लिए संकल्प दिलाया गया। तत्पश्चात प्रथम पाली के विद्यार्थियों के द्वारा जनजागरूकता रैली नशामुक्ति नारों के साथ में निकाली गई। महाविद्यालय में संचालित द्वितीय पाली के विद्यार्थियों को संबोधित करने के लिए अंजना बेक सहायक संचालक समाज कल्याण विभाग एमसीबी, रविशंकर मिश्रा समाज कल्याग विभाग, देवऋषि समाज कल्याण विभाग, ब्रह्म कुमारी बीके माधुरी दीदी, ब्रह्म कुमारी अनिता दीदी उपस्थित रही। सभी ने सारगर्भित उद्बोधन देकर नशामुक्त भारत में योगदान देने के लिए सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संयोजन प्रभारी प्राचार्य डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई, नोडल अधिकारी नशामुक्ति एवं रेडरीबन क्लब प्रभारी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में सह-संयोजक डॉ. प्रभा राज विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र ने कार्यक्रम का संचालन किया।स्वागत उद्बोधन एवं विषय प्रवेश डॉ. विश्नोई द्वारा किया गया। डॉ. सुशील कुमार तिवारी द्वारा नशामुक्ति के लिए प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। डॉ. अरूणिमा दत्ता, स्मृति अग्रवाल, अनुपा तिग्गा ने सड़क सुरक्षा पर प्रेरणादायक उदबोधन दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामनिवास गुप्ता, प्रकाश दास मानिकपुरी का योगदान रहा। इस अवसर पर शरणजीत कुजूर, रंजीतमणी सतनामी, सुनील कुमार गुप्ता, सुशील कुमार छात्रे, यशवंत सिंह शाक्या, डॉ. रेनू प्रजापति, ▶▶ शेष पेज 4 पर

## वीबी जीरामजी योजना के तहत जिलेभर में होंगे सरोवर संवाद

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए संचालित वीबी जीरामजी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं व्यापक जनजागरूकता के उद्देश्य से जिले में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत ग्रामीण विकास में होने वाले सकारात्मक परिवर्तनों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए विशेष सूचनात्मक सत्रों का आयोजन किया जाएगा। इस उद्देश्य से प्रथम चरण में जिले के अमृत सरोवर स्थलों को चयनित किया गया है। कोरिया जिले में वर्तमान में कुल 57 अमृत सरोवर विकसित किए जा चुके हैं, जिनका क्षेत्रफल एक एकड़ से अधिक है। ये सरोवर जलसंरक्षण के साथ-साथ सामाजिक सहभागिता के प्रमुख केन्द्र के रूप में विकसित हो रहे हैं। यहां राष्टीय पर्वों पर ध्वजारोहण, स्वच्छता अभियान तथा योग दिवस जैसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहे हैं, जिससे ये स्थल सामाजिक समरसता के प्रतीक बन चुके हैं। राज्य कार्यालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार आगामी सप्ताह में जिले के समस्त अमृत सरोवर तटों पर वीबी जीरामजी योजना के लाभों से ग्रामीणों को अवगत कराने के लिए विशेष सूचनात्मक सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सभी अमृत सरोवर स्थलों पर सरोवर संवाद अथवा चौपाल चर्चा कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि इन संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से पंचायत राज पदाधिकारियों, स्थानीय पंजीकृत श्रमिकों एवं ग्रामीणों को वीबी जीरामजी योजना की विशेषताओं और लाभों की जानकारी दी जाएगी।

# एनसीसी की ए प्रमाण पत्र की परीक्षा में शामिल हुए कैडेट्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

29 जनवरी को आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर के एनसीसी टूप के द्वितीय वर्ष के कैडेट की ए प्रमाण- पत्र की परीक्षा संपन्न हुई।

कमान अधिकारी कर्नल सेंथिल कुमार एस, 1 छ.ग. बटालियन कोरबा के निर्देशन एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अमित यादव के मार्गदर्शन में, सूबेदार रामदेव साव, नायब सूबेदार मोहम्मद मोस्तफा, हवलदार पुष्पेन्द्र सिंह, हवलदार कमलाकांत एवं हवलदार ओपी कर्ष ने परीक्षा संपन्न कराई। इस परीक्षा में शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ के कुल 119 कैडेट्स परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अमित यादव द्वारा समस्त कैडेट्स को परीक्षा के नियमों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। द्वितीय बार बैकुंठपुर, सूरजपुर एवं मनेन्द्रगढ़ का संयुक्त परीक्षा केन्द्र बैकुंठपुर निर्धारित किया गया। परीक्षा का समस्त संचालन फर्स्ट ऑफिसर संजीव कुमार जायसवाल के द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। सूरजपुर से एनसीसी सेकेंड आफिसर सुनील दत्त तिवारी एवं मनेन्द्रगढ़ से सेकेंड ऑफिसर शिव नारायण एनसीसी कैडेट्स के साथ उपस्थित होकर परीक्षा संपन्न कराने में अपनी सहभागिता निभाई। लिखित परीक्षा में ड्रिल, सामान्य ज्ञान, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व, सामाजिक जागरूकता एवं सामुदायिक विकास, स्वास्थ्य एवं सफाई, आपदा प्रबंधन, बाधा प्रशिक्षण, सैन्य बल, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट एवं बैटल क्राफ्ट, हथियार प्रशिक्षण आदि से संबंधित प्रश्न पूछे गए। साथ ही ड्रिल एवं वेपन हैंडलिंग एवं मैप रीडिंग की प्रायोगिक परीक्षा ली गई। इसके पश्चात सभी कैडेट्स की लिखित परीक्षा संपन्न हुई। एनसीसी के सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कृपा कल्याणी टोप्पो सहित समस्त स्टॉफ ने सभी कैडेट्स को बधाई दी। इन कैडेट्स ने विगत 2 वर्षो में एनसीसी में रहते हुए अनेक प्रकार के सामाजिक कार्य, स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस एवं संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर ▶▶ शेष पेज 4 पर



## मनरेगा बहाली और धान खरीदी की समय सीमा बढ़ाने की मांग

# कुमार चौक में कांग्रेस का चक्काजाम, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को उसके मूल अधिकार आधारित स्वरूप में बहाल किए जाने तथा छग प्रदेश में धान खरीदी की समय-सीमा 15 फरवरी तक बढ़ाए जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के नेतृत्व में कुमार चौक पर सांकेतिक धरना प्रदर्शन एवं चक्काजाम किया गया।

धरना प्रदर्शन के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा के मूल स्वरूप में किए जा रहे बदलावों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। मनरेगा को एक अधिकार आधारित कानून से हटाकर प्रशासनिक योजना के रूप में सीमित किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण श्रमिकों के काम के अधिकार को कमजोर किया जा रहा है। मजदूरी निर्धारण एवं भुगतान में अनिश्चितता बढ़ रही है, पंचायतों एवं ग्राम सभाओं के संवैधानिक अधिकारों में कटौती की जा रही है तथा ठेकेदारी व्यवस्था को बढ़ावा देकर श्रमिकों का शोषण किया जा रहा है। छग प्रदेश में धान खरीदी की प्रक्रिया भी गंभीर अव्यवस्थाओं से जूझ रही है। प्रदेश के अनेक खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी अत्यंत धीमी गति से हो रही है। बड़ी संख्या में किसानों को अब तक टोकन जारी नहीं किए गए हैं, जिसके कारण अनेक किसान अपनी उपज बेचने से वंचित रह गए हैं, इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है। जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने स्पष्ट किया कि यदि धान खरीदी की निर्धारित तिथि में वृद्धि नहीं की गई, तो प्रदेश के हजारों किसान अपनी उपज बेचने से वंचित रह जाएंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए ▶▶ शेष पेज 4 पर



कुमार चौक में चक्काजाम करते कांग्रेसी।



ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी।

## पूर्व विधायक कमरो ने सोनहत में किया विरोध प्रदर्शन

**सोनहत।** छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनहत के तत्वावधान में मनरेगा बचाओ अभियान, किसानों की धान खरीदी का समय बढ़ाने तथा प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा किसानों और मजदूरों के साथ किए जा रहे कथित अन्याय के विरोध में धरना प्रदर्शन, चक्का जाम एवं आमसभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महादेव चौक, सोनहत में भारी जनसमर्थन के साथ शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आंदोलन में पूर्व विधायक गुलाब कमरो, कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, किसान साथियों सहित काफी संख्या में आमजन के साथ शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई ▶▶ शेष पेज 4 पर





## खबर संक्षेप



### शिव शक्ति रुद्र महायज्ञ का किया गया भूमि पूजन

**केदमा।** विकासखंड उदयपुर अंतर्गत आने वाले पुरातात्विक एवं धार्मिक स्थल भगवान शिव की नगरी महेशपुर में शिव शक्ति रुद्रा महायज्ञ का आयोजन 13 फरवरी से किया जाएगा। आज बुधवार को भूमि पूजन कर यज्ञ स्थल में झंडा गाड़ा गया। आगामी बैठक शुक्रवार को किया जाएगा जिसमें आगामी कार्यक्रम के रूपरेखा तय की जाएगी। समिति के सदस्यों ने बताया कि यज्ञ विशाल रूप में किया जाएगा साथ ही भागवत कथा का आयोजन भी होगा और अनवरत भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। स्वामी वेद प्रकाश आचार्य ने आस पास के क्षेत्र के भक्तों से एकत्रित होकर यज्ञ की रूपरेखा तय करने की बात कही। इस दौरान शुभम सिंह भदौरिया, बृजेश चतुर्वेदी, कामेश्वर राम, राजकुमार सिंह, आमोद तिवारी, रामाधार साहू, विनय साहू, विद्यानंद यादव, राजा दास, दिनेश कुमार, सहित ग्रामीण उपस्थित रहे

### नपं में एसआईआर कैटेगरी सी अंतर्गत मतदाताओं के नाम विलोपन प्रक्रिया को लेकर हुई बैठक



**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत बिश्रामपुर में एसआईआर कैटेगरी सी अंतर्गत चिन्हित 87 मतदाताओं के नाम विलोपन संबंधी प्रक्रिया को लेकर एक बैठक आयोजित की गई,उक्त बैठक मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुशील कुमार तिवारी एवं बीएलओ की उपस्थिति में संपन्न हुई,बैठक में सभी राजनैतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट बीएलए उपस्थित रहे,इस दौरान विलोपन हेतु प्रस्तावित सभी 87 मतदाताओं के नामों का वाचन किया गया,जिस पर उपस्थित सभी प्रतिनिधियों द्वारा सहमति व्यक्त की गई।

### पेंडरखी गांव में जुआ खेल रहे 7 ग्रामीण पकड़ाए, छत्तीस हजार रुपए जब्त

**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पेंडरखी पखनाडोली दोहर खेत में हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे सात जुआरियों को पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है, पुलिस ने इनके कब्जे से कुल 36,500 रुपए नगद तथा ताशपत्ती जब्त की है,पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पखनाडोली दोहर खेत में कुछ लोग अवैध रूप से जुआ खेल रहे हैं,सूचना मिलते ही जयनगर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर चारों ओर से घेराबंदी कर सभी आरोपियों को पकड़ लिया,अचानक हुई पुलिस कार्रवाई से जुआरियों में अफरा-तफरी मच गई,पुलिस ने यहां पर सात जुआरी क्रमशः ग्राम पेंडरखी निवासी 27 वर्षीय लीलाधर पिता कमलेश्वर,डेडरी निवासी 30 वर्षीय कुसुम राजवाड़े पिता जीत राम,कुरुवां निवासी 38 वर्षीय राकेश दुबे पिता विशाल दुबे,हर्राटिकरा निवासी 40 वर्षीय राजू प्रसाद पिता सीताराम,पोड़ी निवासी 40 वर्षीय गोपाल दास पिता स्व. गौटू राम,सपकरा निवासी 34 वर्षीय रामदेव पिता किशुन तथा हीरालाल सिंह पिता किशुन राम को गिरफ्तार किया है,ज्ञात हो कि उक्त क्षेत्र में लंबे समय से अवैध जुआ खेले जाने की शिकायतें मिल रही थीं,मामले में सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है,उक्त कार्रवाई में जयनगर थाना प्रभारी निरीक्षक रूपेश कुंतल एक्का,उपनिरीक्षक सोहन सिंह,प्रधान आरक्षक संजय सिंह राजपूत,आरक्षक दीपक दुबे,सुरेश साहू सहित अन्य पुलिसकर्मी सक्रिय रहे।

### घर से नशीले इंजेक्शन बिक्री कर रहा युवक गिरफ्तार, गया जेल



**अम्बिकापुर।** घर से नशीले इंजेक्शन बिक्री कर रहे युवक को संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने गिरफ्तार किया। टीम ने युवक के पास से 20 नग जब्त कर एनडीपीएस के तहत अपराध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि घुटरापारा निवासी नरेश गुप्ता अपने घर से नशीला इंजेक्शन बेच रहा है। सूचना पर तत्काल सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने टीम के साथ नरेश गुप्ता के घर दबिश दी। घर पहुंचते ही नरेश गुप्ता भागने का प्रयास किया परंतु उसे पकड़ लिया। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने उसके पास रखे झोले की तलाशी ली तो 20 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किया। संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक कुमारु राम, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं नीरज चौहान सक्रिय रहे।

## दिल्ली, बनारस, रांची मार्ग पर फ्लाइट चलाने का प्रस्ताव

# अम्बिकापुर को हवाई सेवा से जोड़ने एयरपोर्ट के अधिकारियों ने शुरू की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



फाइल फोटो

**खास बात**

- अम्बिकापुर-रायपुर मार्ग पर समय को लेकर नहीं बन रही सहमति

क्षेत्रीय विमानन कंपनी द्वारा उड़ान सेवा बंद करने के बाद पिछले 8 महीनों से दरिमा स्थित महामाया एयरपोर्ट सूना पड़ा है। कहने के लिए क्षेत्रीय विमानन कंपनी स्टार हब ने फ्लाई बिग के रूट पर उड़ान सेवा प्रारंभ करने की जिम्मेदारी ले ली है लेकिन लाइसेंसिंग की प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण हवाई सेवा शुरू होने को लेकर अभी भी ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है।

शासन द्वारा 19 दिसम्बर को बड़ी उपलब्धि के रूप में अम्बिकापुर से बिलासपुर एवं रायपुर के लिए हवाई सेवा की शुरूआत की गई थी। क्षेत्रीय विमानन कंपनी फ्लाई बिग द्वारा बिलासपुर एवं रायपुर के लिए उड़ान सेवा प्रारंभ की गई थी। शुरूआत में हवाई सफर के आकर्षण में लोगों ने उत्साहपूर्वक हवाई जहाज का सफर किया लेकिन मनमानी संचालन व शाम में फ्लाइट का संचालन होने के कारण लोगों का हवाई सफर से मोहभंग होने लगा। फ्लाई बिग द्वारा बिना अग्रिम सूचना के बीच-बीच में फ्लाइट का संचालन बंद करने से लोगों का हवाई सफर के प्रति रूझान खत्म होने लगा। फ्लाई बिग शासन से मिल रही आर्थिक मदद से जैसे-तैसे मई 2025 तक फ्लाइट का संचालन किया। जून महीने में बारिश के कारण दृश्यता कम होने का हवाला देकर उड़ान सेवा को बंद कर दिया। दोबारा अक्टूबर के महीने में फिर से हवाई सफर की शुरूआत की गई लेकिन पांच दिन तक फ्लाइट चलाने के बाद संचालन बंद कर दिया गया। इसके बाद से दरिमा हवाई पट्टी से हवाई सफर बंद है। एयरपोर्ट प्रबंधन अब बीच-बीच में आने वाले शासकीय एवं अशासकीय विमानों को सेवा देने तक सिमट गया है। इस बीच एयरपोर्ट प्रबंधन ने फ्लाई बिग से हवाई सफर फिर से प्रारंभ करने की पहल भी की लेकिन फ्लाई बिग ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। बताया जा रहा है कि फ्लाईबिग के रूट पर हवाई जहाज चलाने के संबंध में क्षेत्रीय विमानन कंपनी स्टार हब ने करार किया है लेकिन अभी तक कंपनी डीजीसीए से लाइसेंस लेने की प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाई है। इस प्रक्रिया में 2 महीने का समय लगने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में मार्च के पूर्व सरगुजा वासियों को हवाई सफर की सुविधा मिलने की संभावना नहीं है। समय पर लाइसेंसिंग प्रक्रिया पूरी नहीं होने पर उड़ान सेवा शुरू होने में लम्बा समय भी लग सकता है।

### अन्य मार्गों के लिए चर्चा

इधर बनारस, रांची, दिल्ली आदि मार्गों पर सफर करने वाले लोगों की संख्या एवं स्थानीय जरूरतों को देखते हुए मां महामाया एयरपोर्ट प्रबंधन भारत सरकार की एकमात्र क्षेत्रीय विमानन कंपनी एलाइंस एयर से विभिन्न मार्गों पर हवाई सेवा प्रारंभ करने के संबंध में चर्चा कर रही है। एलाइंस एयर जगदलपुर तक फ्लाइट चला रही है। एयरपोर्ट के अधिकारी ने सुबह अम्बिकापुर से रायपुर एवं रायपुर से जगदलपुर तक फ्लाइट चलाने एवं शाम में वापसी की शर्त रखी है जिस पर सहमति नहीं बन पा रही है। अधिकारियों का कहना है अन्य समय पर फ्लाइट चलने से क्षेत्रवासियों को इसका लाभ नहीं मिलेगा। एलाइंस एयर सुबह अम्बिकापुर से रायपुर के लिए फ्लाइट चलाने के संबंध में अभी सहमति नहीं दी है। संचालन समय के संबंध में सहमति बनाने की कोशिशें अभी भी चल रही है।

#### ये मार्ग हैं प्रस्तावित

अधिकारियों ने एलाइंस एयर को अम्बिकापुर-जगदलपुर-दिल्ली, अम्बिकापुर-बिलासपुर-दिल्ली, दिल्ली-वाराणसी-रायपुर, वाराणसी-अम्बिकापुर-रायपुर, रांची-अम्बिकापुर-रायपुर मार्ग में से किसी भी तीन रूट पर फ्लाइट चलाने का प्रस्ताव दिया है। बड़ी संख्या में सरगुजावासी हर दिन दिल्ली, वाराणसी, रांची एवं रायपुर तक सफर करते हैं। इन स्थानों के लिए दरिमा से हवाई सेवा प्रारंभ होने पर क्षेत्रवासियों को आवागमन में काफी सुविधा होगी वहीं विमानन कंपनी की कमाई बढ़ेगी।

#### चल रही चर्चा

एलाइंस एयर को विभिन्न तीन मार्गों पर हवाई जहाज चलाने का प्रस्ताव दिया गया है। अम्बिकापुर-रायपुर मार्ग पर फ्लाइट चलाने के समय को लेकर सहमति नहीं बनी है। अम्बिकापुर से रायपुर के लिए सुबह फ्लाइट चलाने एवं शाम में वापसी का प्रस्ताव दिया गया है। इस संबंध में लगातार चर्चा चल रही है।

-सुशील श्रीवास्तव
डायरेक्टर, महामाया एयरपोर्ट, दरिमा



## संयुक्त शिक्षक संघ की हुई बैठक, बनाई गई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

जिले में संयुक्त शिक्षक संघ की बैठक ओड़गी के पर्यटन स्थल बाँक में आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में संघ जिलाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी के नेतृत्व में शिक्षक हित संवर्धन के लिए शपथ ग्रहण कर नए सत्र में व्यापक कार्ययोजना की रणनीति बनाई गई।

संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मो.महमूद, प्रमोद पाठक ने बताया कि जिला के बाँक में हुई इस बैठक में संघ की प्रांतीय उपाध्यक्ष माया सिंह, प्रांतीय महासचिव शहादत अली व प्रांतीय संगठन मंत्री राकेश शुक्ला के मार्गदर्शन में संगठन को मजबूती प्रदान करने,नियमित बैठक करने व शिक्षकों की समस्याओं के संबंध में सर्वसम्मति से संघ की आगामी रणनीति तय की गई। जिला स्तर पर सहायक शिक्षकों व शिक्षकों की पदोन्नति, प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति पर हो रहे विलंब, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना, पंचायत अवधि की लंबित एरियर्स भुगतान और एनपीएस की राशि के सम्पूर्ण निर्धारण की कार्ययोजना बनाई गई। संघ जिलाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी ने बताया कि संगठन को मजबूत व पदाधिकारियों,सदस्यों में ऊर्जा संचार के उद्देश्य से बाँक में जिला स्तरीय बैठक आयोजित किया गया था।

ब्लॉक महासचिव ऋषि कुमार पांडेय ने बताया कि हमारे ब्लॉक में इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित होने से हम सब उत्साहित व गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं, निश्चित ही इस प्रकार के कार्यक्रमों से ऊर्जा में वृद्धि होती है। ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने कार्यक्रम से उत्साहित होकर आगामी बैठक प्रतापपुर में आयोजित करने का आग्रह किया। अतिथि के तौर पर पहुंचे कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के महासचिव इकबाल अंसारी, राजू यादव ने सभी को अपने साथियों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट रहने का संदेश दिया। माया सिंह, शहादत अली,राकेश शुक्ल,भूपत सिंह, प्रतिमा सिंह ने सभी को संगठन व शिक्षक हित में कार्य करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन गिरवर यादव व आभार प्रदर्शन मनोहर गुप्ता द्वारा किया गया। इस दौरान कुलदीप सिंह, राधेश्याम साहू, श्रीमती नुशा,श्रीमती हीरामनि, भुवनेश्वर सिंह, बृजेश भनी, मनोज कुशवाहा, सतीश साहू, प्रदीप सिंह, धर्मपाल सिंह, प्रदीप त्रिपाठी, भास्कर सिंह, दिल मोहम्मद अंसारी, मो.शमीम, मोती लाल, विवेक, टहल राम, श्रीमती इंदुमती सोनवानी, श्रीमती जीवन्ती एक्का, श्रीमती ललमेन टोप्पो, प्रतिभा गुप्ता, रामकुमारी सिदार, अनुपमा त्रिपाठी, सोमा घोष,कल्पना बारी,आरती श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सुम्बुल फातिमा ने जीता टॉप मेकअप आर्टिस्ट प्रतियोगिता में प्रथम रनर-अप खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

फ़ैशन अफिनिटी द्वारा आयोजित टॉप मेकअप आर्टिस्ट कॉन्टेस्ट सीज़न 13 के ग्रैंड फिनाले में सूरजपुर की सुम्बुल फातिमा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम रनर-अप का खिताब अपने नाम किया। साथ ही उन्हें प्रतियोगिता में उभरते हुए सबसे शानदार प्रतिभा के रूप में बेस्ट राइजिंग मेकअप आर्टिस्ट के विशेष पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।



अम्बिकापुर के होटल में आयोजित प्रतियोगिता में संभाग के कई जिलों से चयनित मेकअप कलाकारों ने हिस्सा लिया। सुम्बुल फातिमा ने अपनी कलात्मक दक्षता, रंगों की समझ और तकनीकी निपुणता से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। जिला स्तरीय उपलब्धि के बाद सुम्बुल फातिमा का चयन फ़ैशन अफिनिटी के राज्य स्तरीय टॉप मेकअप आर्टिस्ट ग्रैंड फिनाले के लिए हुआ है। प्रतियोगिता अप्रैल-मई में राजधानी रायपुर में आयोजित की जाएगी, जहां वह पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में जिले और सरगुजा संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी।

## कुम्दा बस्ती में करंट लगने से वृद्ध ग्रामीण की मौत, कुरवां गांव में बुजुर्ग बेवा ने लगाई फांसी

**बिश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के दो अलग अलग मामलों में 85 वर्षीय वृद्ध की विद्युत करंट लगने से मौत हो गई जबकि एक अन्य मामले में बेवा महिला ने मानसिक परेशानी के कारण फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है,बिश्रामपुर पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम किया है,बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम कुमदा बस्ती गोटिया पारा निवासी मृतक लालसाय राजवाड़े पिता सहोरन 85 वर्ष गुरुवार दोपहर घर के समीप बाड़ी स्थित कुएं में लगे मोटर पंप से सब्जी भाजी में पानी पटा रहा था,पानी पटाने के बाद मोटर बंद करने वह तार को अलग कर रहा था, तभी तरंगित तार के संपर्क में आ गया,करेंट लगने से चिल्लाने की आवाज से परिजन जब मौके पर पहुंचे और उसको करँट प्रवाहित तार से अलग कर अचेत अवस्था में बिश्रामपुर अस्पताल लेकर आए,जांच में चिकित्सक द्वारा मृत्यु हो जाना बताया, जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस में दर्ज कराकर शव के पंचनामा की कार्यवाही पूरी कराई है।एक अन्य मामले में ग्राम कुरवां निवासी 70 वर्षीय बेवा महिला फुलेश्वरी पति कुंवर प्रशाद घर के लकड़ी के कंडी में साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है,पुलिस ने बताया कि मृतिका निः संतान थी,2018 में पति के मौत के बाद वह कुरुवां अपने मायके में रहती थी,कल अचानक उसने खुदकुशी कर ली। सूचना पर दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

## ओबीसी, एससी–एसटी एवं माइनॉरिटी विभागों की भागीदारी से मिलेगी मजबूती

**अंबिकापुर।** कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग विभाग के नेशनल को-ऑर्डिनेटर लक्ष्मी गुप्ता ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने संगठनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी निर्णय लेते हुए सामाजिक न्याय से जुड़े चारों प्रकोष्ठों ओबीसी, एससी, एसटी एवं माइनॉरिटी विभाग को सीधे तौर पर चुनावी प्रक्रिया में सहभागी बनाने का बड़ा कदम उठाया है।



कांग्रेस नेताव राहुल गांधी के निवास पर आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव रखा गया कि देश के प्रत्येक राज्य की कांग्रेस इलेक्शन कमिटी में इन चारों विभागों के राज्य अध्यक्षों को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया जाए, ताकि सामाजिक प्रतिनिधित्व और जमीनी आवाज़ को चुनावी रणनीति में समुचित स्थान मिल सके। राहुल गांधी ने इस प्रस्ताव को तत्काल हरी झंडी देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को तुरंत नोटिफिकेशन जारी करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में चारों विभागों के राष्ट्रीय नेतृत्व एवं के राजू तथा चारों विभागों के राष्ट्रीय समन्वयकों की एक विस्तृत और गंभीर जुम बैठक संपन्न हुई। बैठक में सभी ने अपने-अपने सुझाव, अनुभव और संगठनात्मक दृष्टिकोण साझा किए। इस महत्वपूर्ण बैठक में मैं स्वयं भी उपस्थित रहा और जमीनी स्तर की अपेक्षाओं को मजबूती से रखा गया। यह निर्णय न केवल संगठन को मजबूती देगा, बल्कि दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग एवं अल्पसंख्यक समाज की भागीदारी को निर्णायक भूमिका में स्थापित करेगा।

## बसदेई स्कूल में हम होंगे कामयाब जागरूकता कार्यक्रम

**सूरजपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसदई में जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ तथा एग्रीकॉन फाउंडेशन के संयुक्त तात्वाधान में हम होंगे कामयाब अभियान अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में विशेष रूप से कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान होने वाले मानसिक दबाव से बचने, आत्मविश्वास बढ़ाने एवं सकारात्मक सोच विकसित करने हेतु हम होंगे कामयाब अभियान की गतिविधियों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही विद्यार्थियों को किशोर सशक्तिकरण, घरेलू हिंसा से बचाव, पढ़ाई का कोना, गुड टच - बैड टच के माध्यम से बच्चों की सुरक्षा, साइबर सुरक्षा तथा शिक्षा एवं स्वास्थ्य से संबंधित जानकारियां दी गई। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सशक्त बनाते हुए सुरक्षित, जागरूक एवं आत्मनिर्भर नागरिक के रूप में विकसित करना रहा।

## विधायक उद्धेश्वरी पैकरा पहली बार पहुंची टाटी झरिया, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**कुसमी।** सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत टाटीझरिया के सुदूर अंचल मईल पारा में पहुंची। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत होकर निराकरण करने का आश्वासन दिया। मईल पारा के ग्रामीणों ने विधायक को अपने बीच पाकर खुश नजर आए। ग्रामीणों ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार विधायक हम लोगों के बीच पहुंच कर हम लोगों का हाल चाल पूछने तथा समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने विधायक उद्धेश्वरी पैकरा द्वारा भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान सड़क, पेयजल, बच्चों के पढ़ाई हेतु विद्यालय सहित अन्य प्रकार के मूलभूत सुविधाओं की मांग की। जिस पर विधायक ने जल्द से जल्द निराकरण कराने की बात कही। इसके अलावा आज विधायक उद्धेश्वर पैकरा ने भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत करकली, सेमराताला, ग्राम पंचायत मोती नगर सहित डांड टोली में ग्रामीणों से भेंट मुलाकात की। साथ ही ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान जिपं अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज, जनपद अध्यक्ष बसंती भगत, जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी, लक्ष्मण सिंह पैकरा, उमेश्वर ओझा, राकेश भारती, राजेश्वर यादव, दुर्गेश गुप्ता, रमेश गुप्ता, नितेश गुप्ता, बालों बाई, भगवती बाई, अशोक गुप्ता के अलावा ग्राम पंचायत के सचिव, सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



## विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन पर सम्मेलन

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ विकासखंड में विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन अंतर्गत विकासखंड स्तरीय सम्मेलन का आयोजन जनपद भवन में किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के हितग्राहियों को केंद्र व राज्य शासन की विभिन्न रोजगारपरक एवं आजीविका से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना रहा। सम्मेलन में ग्रामीणों को स्वरोजगार, कौशल विकास, समूह आधारित गतिविधियों तथा स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण, आजीविका संवर्धन एवं उद्यमिता विकास के लिए प्रोत्साहित किया गया।



अधिकारियों ने बताया कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि कर उन्हें स्थायी आजीविका से जोड़ना है। इस दौरान सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, जिपं अध्यक्ष हीरामुनी निकुंज, जिपं सदस्य गीता पैकरा, जनपद अध्यक्ष चिंतामणि भगत, जनपद उपाध्यक्ष प्रियंबदा सिंहदेव, मुकेश कश्यप, पूजा कश्यप, तिलासाय आदि शामिल रहे।

## फॉर्म 7 के फर्जी उपयोग से मतदाता सूची से नाम कटवाने का आरोप, कलेक्टर से शिकायत



**लखनपुर।** लखनपुर अंतर्गत पंचायत मांजा, पारा राजाकटेल के ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा तथा एसआरआई फॉर्म संख्या 7 के फर्जी उपयोग द्वारा मतदाता सूची से नाम कटवाने का आरोप लगाया है।

ग्रामीणों ने बताया कि बिना किसी सूचना, सहमति अथवा जानकारी के उनके नामों का दुरुपयोग करते हुए फर्जी हस्ताक्षरों के माध्यम से फॉर्म नंबर 7 भरकर निर्वाचन अधिकारियों के समक्ष जमा किए जा रहे हैं, जिससे उनका संवैधानिक मताधिकार समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। रज़ा यूनिटी फाउंडेशन के प्रमुख एवं सामाजिक कार्यकर्ता शादाब आलम रज़वी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग है कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए और फॉर्म नंबर 7 के फर्जी उपयोग और जाली हस्ताक्षरों में संलिप्त सभी दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### जांच के लिए गांव पहुंचे अधिकारी



एसआईआर के फॉर्म 7 के फर्जी उपयोग से मतदाता सूची से नाम कटवाने की साजिश ग्राम वासियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन था। शिकायत के बाद आज लखनपुर तहसीलदार अंकित पटेल राजस्व टीम के साथ जांच कर पंचनामा बनाया गया वहीं नाम काटने वाले शिकायतकर्ता नदारद रहे। जांच के दौरान 2003 की सूची में ग्रामवासी के नाम भी पाया गया। तहसीलदार द्वारा नाम काटने के फॉर्म भरने वाले के ऊपर कार्रवाई करने के आश्वासन दिया है।

## यूजीसी द्वारा जारी आध्यादेश के विरोध में सवर्ण समाज के प्रतिनिधियों ने की बैठक


हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी आध्यादेश से सवर्ण समाज आक्रोशित है। अध्यादेश के विरोध में गुरूवार को सवर्ण समाज के प्रतिनिधियों ने अग्रसेन भवन में बैठक कर सर्व सम्मति से अध्यादेश के विरोध में आंदोलन करने की योजना बनाई। बैठक में ब्राह्मण समाज, क्षत्रिय समाज, अग्रवाल समाज, कायस्थ समाज, सिख समाज एवं सिंधी समाज के प्रतिनिधियों ने भागीदारी की तथा अपना विचार व्यक्त किया।

बैठक में दण्डकारण्य ब्राह्मण समाज के संभाग अध्यक्ष आईबी तिवारी ने अध्यादेश को सवर्ण समाज, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के भविष्य को बाधित करने का अस्त्र बताया। उन्होंने कहा कि इस अध्यादेश में सवर्ण समाज को अपराधी के रूप में प्रस्तुत किया गया है तथा गलत शिकायत करने वाले को सजा देने का प्रावधान नहीं किया गया है। फिलहाल अध्यादेश के क्रियान्वयन पर उच्चतम न्यायालय द्वारा रोक लगाई गई है लेकिन यह लागू नहीं होगा ऐसा नहीं मानना चाहिए। अब जरूरत है कि आप पूरी एकता के साथ सरकार तक अपना विरोध दर्ज कराएं। क्षत्रिय समाज के अतुल सिंह ने कहा कि भाजपा यह भूल गई है कि सवर्ण समाज ने ही उसे गद्दी तक पहुंचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते रहा है। एक तरफ भाजपा बटोगे तो कटोगे का संदेश देती है और दूसरी ओर स्वयं समाज को बांटने एवं काटने का काम कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री के कथनी और करनी में अंतर होने तथा इसका परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी।

बैठक को शिवेश सिंह सहित अन्य प्रतिनिधियों ने संबोधित किया। चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से विरोध प्रदर्शन के लिए सवर्ण समाज सहित अन्य सभी समाजों का संयोजक नियुक्त करने एवं 1 फरवरी को अध्यादेश के विरोध में राम मंदिर से मौन रैली निकालकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने एवं एक घंटा का शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।



# जॉन का बदला हुलिया देख फैंस बोले- क्या लगते थे, क्या हो गए

**मुंबई।** जॉन अब्राहम की पर्सनैलिटी के दीवाने उनके लाखों फैंस हैं। 'धूम' और 'फोर्स' जैसी फिल्मों में लोगों ने न सिर्फ उनके अभिनय को सराहा, बल्कि उनके लुक्स की तारीफें भी हुई हैं। हालांकि सोशल मीडिया पर उनकी एक तस्वीर सामने आई है जिसने फैंस को चौंका दिया। क्लीन-शेव लुक में जॉन बिल्कुल बदले अंदाज में दिखाई दे रहे हैं, ऐसा उनके चाहने वालों का कहना है। कुछ लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं, तो वहीं कुछ उनका समर्थन करते दिखे। तस्वीर में जॉन अपनी टीम के साथियों संग पोज दे रहे हैं। उन्होंने ऑल ब्लैक लुक अपनाया है जिसमें उनके क्लीन-शेव लुक ने लोगों का ध्यान खींच लिया। एक यूजर ने लिखा, 'क्या गलते थे, और क्या हो गए।'

## लाइफ Style

# दीपिका

## एटली के लिए हैं 'लकी चार्म', नई फिल्म से जुड़ीं

जानेमाने निर्देशक एटली ने अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को अपना 'लकी चार्म' बताया है। एटली की अपकमिंग फिल्म, जिसे फिलहाल एए22Xए6 नाम दिया गया है, अपने ऑफिशियल ऐलान के बाद से ही जबरदस्त चर्चा में बनी हुई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जैसे ही एक दमदार अनाउंसमेंट एसेट के जरिए दीपिका पादुकोण के इस प्रोजेक्ट से जुड़ने की खबर सामने आई, फिल्म को लेकर बातचीत और भी तेज हो गई। एटली की अब तक की सबसे बड़ी फिल्म बताई जा रही इस प्रोजेक्ट में अल्लू अर्जुन भी नजर आएंगे। जवान जैसी बड़ी ब्लॉकबस्टर देने वाले डायरेक्टर एटली एक बार फिर दीपिका पादुकोण के साथ काम कर रहे हैं, जो दोनों की दूसरी फिल्म होगी। एक एक्सक्लूसिव बातचीत में एटली ने इस प्रोजेक्ट पर खुलकर बात की और दीपिका की जमकर तारीफ करते हुए उन्हें अपनी "लकी चार्म" बताया। इस खुलासे के साथ ही सोशल मीडिया पर हलचल मच गई और एए22Xए6 हाल के समय की सबसे ज्यादा चर्चित फिल्मों में शामिल हो गई। जिससे फिल्म का स्केल और दर्शकों की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। एटली ने इशारा किया है कि इस फिल्म में दर्शक दीपिका पादुकोण का एक बिल्कुल नया रूप देखेंगे। डायरेक्टर ने बताया कि एए22Xए6, मां बनने के बाद दीपिका की पहली फिल्म होगी, जिससे यह कोलैबोरेशन और भी खास बन जाता है। दीपिका पादुकोण के पास इस साल एक और बड़ा प्रोजेक्ट भी लाइनअप में है।



## हॉलीवुड मसाला



# ताज महल डायमंड सबसे ऐतिहासिक रत्नों में से एक

**लॉस एंजिल्स।** मार्गोट रॉबी अपनी नई फिल्म 'वुथरिंग हाइट्स' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ जैकब एलोर्डी हैं। रेड कार्पेट पर उनकी हालिया उपस्थिति बहुत यादगार रही। इस दौरान मार्गोट रॉबी ने 'ताज महल हीरा' पहना हुआ था, जो अब तक के सबसे ऐतिहासिक रत्नों में से एक है। 28 जनवरी को लॉस एंजिल्स के टीसीएल चाइनीज थिएटर में फिल्म 'वुथरिंग हाइट्स' के विश्व प्रीमियर में, मार्गोट ने शियापरेली का खूबसूरत गाउन पहना, जिसने सबका ध्यान खींचा। लेकिन गाउन से ज्यादा चर्चा उनके 'ताज महल डायमंड' नेकलेस की हुई।



# ग्रैमी पुरस्कार-2026 में चलेगा आवाज का जादू

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार जस्टिन बीबर लंबे समय के बाद मंच पर वापसी करने जा रहे हैं। इस खबर ने आते ही उनके फैंस को उत्साहित कर दिया है। साल 2022 में, ब्राजील के 'रॉक इन रियो' फेस्टिवल के बाद से वह सावर्जनिक कार्यक्रमों से दूरी बनाए हुए थे। खबरों के मुताबिक, लंबे समय के बाद गायक को प्रतिष्ठित ग्रैमी पुरस्कार 2026 में परफॉर्म करते हुए देखा जा सकता है। उन्हें मंच पर दोबारा देखने के लिए उनके चाहने वाले बेताब हैं। द हॉलीवुड रिपोर्टर की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिन को ग्रैमी पुरस्कार 2026 के लिए 4 नामांकन मिले हैं। एल्बम ऑफ द ईयर कैटेगरी के अंतर्गत पहला नामांकन एल्बम 'स्वैग' के लिए मिला, जो 2021 के 'जस्टिस' के बाद उनका पहला स्टूडियो एल्बम है। हालांकि 'स्वैग' गायक का 7वां स्टूडियो एल्बम है जो जुलाई, 2025 में रिलीज हुआ।



# 'एक्सपायरी डेट' मिलने पर खुलकर बोलीं


**मुंबई।** 'जस्सी जैसी कोई नहीं' टीवी शो से लोकप्रिय हुईं मोना सिंह इन दिनों धड़ाधड़ फिल्में और सीरीज कर रही हैं। हाल ही में उन्हें 'बॉर्डर 2' और 'हैप्पी पटेल' जैसी फिल्मों में देखा गया। अब उनकी सीरीज 'कोहरा 2' नेटफ्लिक्स पर आने के लिए तैयार है। प्रमोशन के दौरान 40 वर्षीय मोना ने पर्दे पर 50 और 60 साल की उम्र के किरदार पर बात की। साथ ही सिनेमा जगत में महिलाओं को 'एक्सपायरी डेट' दिए जाने पर प्रतिक्रिया दी। एक बातचीत में अभिनेत्री बोलीं, मुझे पर्दे पर अपनी उम्र की परवाह नहीं। सच में नहीं, क्योंकि मैं बहुत आत्मविश्वासी हूं और मैं जानती हूं कि मैं कौन हूं। मुझे कुछ साबित करने की जरूरत नहीं है, इसीलिए मैं जोखिम लेती रहती हूं। लोग हमेशा मुझसे पूछते हैं, 'आप पर्दे पर इतनी उम्रदराज क्यों दिखती हैं?'



# फरहान ने 'डॉन-3' को डाला ठंडे बस्ते में

**मुंबई।** फरहान अख्तर की 'डॉन 3' का इंतजार लंबे समय से किया जा रहा है। रणवीर सिंह के अचानक पीछे हटने के बाद फिल्म फिर ठंडे बस्ते में जाती दिख रही है। बीच में खबर थी कि फिल्म के लिए ऋतिक रोशन और शाहरुख खान से बातचीत चल रही है, लेकिन अब चर्चा है कि फरहान इससे ध्यान हटाकर अपनी दूसरी परियोजना पर काम शुरू करना चाहते हैं। वह अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जी ले जरा' पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, फरहान को लगता है कि 'डॉन 3' की कास्टिंग होना जरूरी है, लेकिन वह आश्वत होना चाहते हैं कि इस भूमिका को कौन निभाएगा। यह एक लंबी प्रक्रिया होगी। रिपोर्ट में बताया गया है कि अभिनेता फिलहाल अपने ड्रीम प्रोजेक्ट 'जी ले जरा' को पटरी पर लाना चाहते हैं।

## टीवी मसाला



# स्टार प्लस पर नए शो 'मिस्टर एंड मिसेज परशुराम' की घोषणा

**मुंबई।** स्टार प्लस के नये शो 'मिस्टर एंड मिसेज परशुराम' का प्रीमियर तीन फरवरी को रात 8:30 बजे पर होने जा रहा है। स्टार प्लस अपने प्राइम टाइम फिक्शन स्लॉट में एक नया शो जोड़ने जा रहा है। 'मिस्टर एंड मिसेज परशुराम' एक फैमिली ड्रामा है, जिसमें सस्पेंस और थ्रिल का जबरदस्त ट्विस्ट देखने को मिलेगा। चैनल ने इसका नया प्रोमो रिलीज़ किया है, जो दिखाता है कि बाहर से बिल्कुल आम लगने वाली पति-पत्नी की ज़िंदगी के पीछे एक बड़ा राज छुपा हुआ है। रोज़मर्रा की बातें, रिश्तों की उलझनें और साथ ही एक सीक्रेट लाइफ, यही इस शो को खास बनाती है और दर्शकों को कुछ नया देखने का एक्साइटमेंट देती है। नील भट्ट और शांभवी सिंह की लीड जोड़ी वाला 'मिस्टर एंड मिसेज परशुराम' दर्शकों को शिवप्रसाद और शालिनी से मिलवाता है, जो अपने दो बच्चों एक बेटी और एक बेटे के साथ एक आम-सी ज़िंदगी जीते नज़र आते हैं। बाहर की दुनिया के लिए शिवप्रसाद एक सादा, ज़मीन से जुड़ा इंसान है, जो अपने परिवार से प्यार करता है और छोटी-सी, सुकून भरी लाइफ में खुश है। लेकिन इस सीधी-सादी छवि के पीछे एक चौंकाने वाला सच छुपा है, जो कहानी को पूरी तरह अलग मोड़ देता है। शो में नील भट्ट ड्यूल रोल में नज़र आएंगे। एक तरफ़ वे हैं शिवप्रसाद एक प्यार करने वाले पति और जिम्मेदार पिता, जो अपने परिवार के लिए हर वक्त खड़ा रहता है। वहीं दूसरी तरफ़ है परशुराम एक ट्रेंड स्पाई, जिसकी ज़िंदगी घर-गृहस्थी से बिल्कुल अलग, खतरे और सीक्रेसी से भरी हुई है। शिवप्रसाद की सबसे बड़ी चुनौती सिर्फ़ दो ज़िंदगियां जीना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि ये दोनों दुनिया कभी टकराएं नहीं। एक ओर देश के लिए मिशन, दूसरी ओर परिवार की ज़िम्मेदारी और इसी बैलेंस में छुपा है शो का असली सस्पेंस।

## 'द 50' का प्रोमो जारी, आपस में भिड़े प्रतियोगी

**मुंबई।** कलर्स टीवी और जियोहॉटस्टार नया रियलिटी शो 'द 50' ला रहा है जिसका क्रेज लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। शो में 50 मशहूर हस्तियां




हिस्सा ले रही हैं जिनके नाम तो पहले ही आए गए थे। नए प्रोमो में उन्हें 'लॉयन' के घर में प्रवेश करते दिखाया गया। 50 दिन चलने वाले इस शो में प्रतियोगियों को मानसिक और शारीरिक चुनौतियों का सामना करना होगा। प्रोमो में पहले ही दिन सितारों को आपस में झगड़ते देखा गया है। प्रोमो में 'लॉयन' के आलीशान महल को दिखाया गया है जहां सभी 50 प्रतियोगियों को रहते हुए गेम खेलना होगा। यह शो पूरे 50 दिन चलेगा। प्रतियोगी 50 लाख रुपये के लिए खेलेंगे। ट्विस्ट ये है कि प्राइज की रकम सितारों को नहीं, बल्कि किसी एक प्रशंसक को मिलेगी। इस नियम के चलते प्रतियोगी मेकर्स पर चीटिंग का आरोप लगाते हैं। इसके अलावा, प्रोमो में करण पटेल, प्रिंस नरुला और फैसल शेख गेम के दौरान आपस में भिड़ते नजर आए।

# दिलजीत-इम्तियाज की जोड़ी तैयार आ गई फिल्म की रिलीज तारीख

**मुंबई।** निर्देशक इम्तियाज अली की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' ने लोगों का दिल जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। इसमें दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा मुख्य किरदार में थे। पिछले



साल निर्देशक ने दिलजीत के साथ अपनी दूसरी फिल्म का ऐलान किया था जिसपर बड़ा अपडेट आया है। निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज तारीख का ऐलान किया है, जिसने लोगों को उत्साहित कर दिया। हालांकि अभिनेता-निर्देशक की जोड़ी ने इस फिल्म का शीर्षक अभी तय नहीं किया है।

***इस तरीख को रिलीज होगी फिल्म*** : बिना शीर्षक वाली इस फिल्म का निर्माण अप्लॉज एंटरटेनमेंट, विंडो सीट फिल्म्स और इम्तियाज ने मिलकर किया है, जो प्यार और तड़प की एक मनमोहक कहानी होने का दावा करती है। निर्माताओं ने शूटिंग अगस्त, 2025 में शुरू कर दी थी और इसे अप्रैल, 2026 में रिलीज करने की योजना थी, लेकिन अब इसकी रिलीज तारीख में फेर-बदल कर दिया गया है। दिलजीत की फिल्म फिलहाल पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है और 12 जून, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### *दिलजीत के साथ नजर आएंगे ये सितारे*

*पहली बार होगा जब फिल्म में दिलजीत के साथ शरवरी की ऑनस्क्रीन जोड़ी दिखाई देगी। वेदांग रैना और दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह भी इसका हिस्सा होंगे। चर्चा है कि कहानी भारत-पाकिस्तान बंटवारे के दौर पर आधारित होगी लेकिन स्पष्ट आधिकारिक ऐलान के बाद होगा। इसके अलावा फिल्म में इम्तियाज, एआर रहमान और इरशाद कामिल की जादुई तिकड़ी दोबारा काम कर रही है, जो पहले 'रॉकस्टार' और 'तमाशा' जैसी फिल्मों में तहलका मचा चुकी है।*

# अरिजीत सिंह से पहले इन सितारों ने लिया संन्यास, एक तो बनीं साध्वी

*मुंबई। अरिजीत सिंह ने गायिकी से संन्यास लेकर फैंस को तगड़ा झटका दिया है। उनके इस फैसले की कई वजहें मानी जा रही हैं। कुछ रिपोर्ट्स में दावा है कि वह निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। इसके अलावा, उनके राजनीति में उतरने की खबरें भी ध्यान खींच रही हैं। खैर, अरिजीत ने सिर्फ गायिकी से संन्यास लिया है, लेकिन कई ऐसे सितारे हैं जिन्होंने समय से पहले अपने फिल्मी करियर से संन्यास ले डाला।*



### 'असिन थोट्टूमकाल' और 'ट्विंकल खन्ना'

'गजनी' और 'रेड्डी' जैसी फिल्मों से लोकप्रियता हासिल करने वालीं अभिनेत्री असिन थोट्टूमकाल ने कम उम्र में अभिनय की दुनिया को अलविदा कह दिया था। साल 2016 में उन्होंने यह फैसला तब लिया, जब उन्होंने व्यवसायी राहुल शर्मा से शादी की थी। अक्षय खन्ना की पत्नी ट्विंकल खन्ना ने 1995 में फिल्म 'बरसात' से डेब्यू किया था। उन्होंने अपने करियर में अधिकतर फ्लॉप फिल्में दी थीं। यही कारण था कि उन्होंने जल्द ही अभिनय से संन्यास ले लिया।

### 'जायरा वसीम' और 'रिमी सेन'

'दंगल' से डेब्यू करने वालीं जायरा वसीम ने महज 18 साल की उम्र में सिनेमा से संन्यास ले लिया था। उन्हें 'सीक्रेट सुपरस्टार' और 'स्काई इज पिंक' जैसी फिल्मों में देखा गया, लेकिन बाद में जायरा ने अपने धर्म के चलते शोबिज से दूरी बना ली। 2000 के दशक की मशहूर अभिनेत्री रिमी सेन भी अभिनय से संन्यास ले चुकी हैं। उन्होंने अपने करियर में बेहतरीन फिल्में कीं लेकिन अब वह दुबई में रहकर रियल एस्टेट एजेंट बन चुकी हैं।

### 'ममता कुलकर्णी' और 'विनोद खन्ना'

90 के दशक की मशहूर अदाकारा ममता कुलकर्णी कई हिट फिल्में देकर अचानक बॉलीवुड से गायब हो गई थीं। कई साल बाद वह साध्वी बनने को लेकर चर्चा में आईं। 2025 के महाकुंभ में उन्होंने पूरी तरह से साध्वी के जीवन को अपना लिया था। दिवंगत अभिनेता विनोद खन्ना भी इस सूची में शामिल हैं। उन्होंने 1982 में करियर के पीक पर बॉलीवुड से संन्यास लेकर फैंस को चौंका दिया था। वह आध्यात्मिक गुरु ओशो के अनुयायी बन गए थे।

## आईएमडीबी पर भी सबसे ज्यादा रेटिंग के साथ दर्शकों और समीक्षकों की बनी पहली पसंद

# 'श्रीमंथुडू' सबसे सफल फिल्म, रेटिंग व कमाई में नंबर वन



*मुंबई। अभिनेत्री और गायिका श्रुति हासन 39 साल की हो गई हैं। कमल हासन की विरासत को अपनी मेहनत और प्रतिभा से आगे बढ़ाने वाली श्रुति ने न केवल दक्षिण भारतीय फिल्मों में, बल्कि बॉलीवुड में भी अपनी एक अलग पहचान बनाई है। आज हम आपको बताएंगे उनकी उस फिल्म के बारे में, जो न केवल बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही, बल्कि आईएमडीबी पर भी सबसे ज्यादा रेटिंग के साथ दर्शकों और समीक्षकों की पहली पसंद बनी हुई है।*

### 'श्रीमंथुडू' ने दिलाई सबसे बड़ी कामयाबी

श्रुति ने अपने करियर में कई उतार-चढ़ाव देखे, लेकिन साल 2015 में आई 'श्रीमंथुडू' ने उन्हें लोकप्रियता के शिखर पर पहुँचा दिया।कोरतल्ला शिवा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में श्रुति ने न केवल अपनी खूबसूरती, बल्कि अपने संजीदा अभिनय से भी लोगों को प्रभावित किया। इस फिल्म को आईएमडीबी पर 7.5 रेटिंग मिली है, जो किसी भी कमर्शियल मसाला फिल्म के लिए बहुत प्रभावशाली मानी जाती है। इतनी रेटिंग श्रुति की किसी भी फिल्म को नहीं मिली है।



### 'चारुसीला' बनकर छाईं श्रुति

फिल्म में श्रुति द्वारा निभाए गए 'चारुसीला' के किरदार को काफी सराहा गया। समीक्षकों ने महेश बाबू के साथ उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को फिल्म की जान बताया। गांव को गोद लेने और अपनी जड़ों से जुड़ने की इस भावनात्मक एक्शन ड्रामा फिल्म ने दर्शकों के दिलों को छू लिया। इसने श्रुति को वो मुकाम दिया, जहां से उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। फिल्म में उन्होंने एक ऐसी लड़की की भूमिका निभाई, जो स्वतंत्र, शिक्षित और मजबूत विचारों वाली है।

### 60 करोड़ के बजट में कमाए 200 करोड़

'श्रीमंथुडू' 2015 की सबसे कमाऊ फिल्मों में से एक थी। इसने दुनियाभर में 200 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की थी। उस समय के हिसाब से ये एक अविश्वसनीय आंकड़ा था। जिस दौर में 'बाहुबली: द बिगिनिंग' ने पूरे भारत में तहलका मचा रखा था, उसी साल रिलीज हुई 'श्रीमंथुडू' ने अपना अलग मुकाम बनाया। ये 'बाहुबली' के बाद तेलुगू सिनेमा के इतिहास की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई थी। फिल्म का बजट 60 करोड़ था।

### श्रुति की आने वाली फिल्में

नंदी पुरस्कार से लेकर फिल्मफेयर पुरस्कार तक जीतने वाली इस फिल्म ने श्रुति की फिल्मावली में चार चांद लगा दिए थे। श्रुति की आने वाली फिल्मों की बात करें तो प्रभास के साथ 'सालार' की सफलता के बाद श्रुति अब इसके दूसरे भाग 'सालार: पार्ट 2 - शौर्यांग पर्व' में अपनी भूमिका को आगे बढ़ाएंगी। उनके पास थ्रिलर फिल्म 'ट्रेन' भी है, जिसमें उनके साथ अभिनेता विजय सेतुपति नजर आएंगे। इस फिल्म की कहानी ट्रेन यात्रा के इर्द-गिर्द घूमती है।

## खबर संक्षेप

### प्राकृतिक आपदा राहत से राशि स्वीकृत

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर द्वारा जारी राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में संशोधित प्रावधान 1 दिसंबर 2022 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा राहत योजना के तहत खड़गवां तहसील के एक प्रकरण में आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खड़गवां तहसील अंतर्गत ग्राम शिवपुर निवासी स्वर्गीय प्रियांशु राघोप्रताप की 28 अगस्त को नदी में डूबने से दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो गई थी। इस घटना को प्राकृतिक आपदा मानते हुए मृतक के वैध वारिसों को अनुग्रह सहायता प्रदान की गई है।

### पूर्व जिलाध्यक्ष को पश्चिम बंगाल चुनाव की मिली जिम्मेदारी



**बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष और विभिन्न दायित्व में लंबे समय से कार्य का अनुभव रखने वाले भाजपा नेता कृष्ण बिहारी जायसवाल को प्रदेश संगठन द्वारा पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में प्रवासी के रूप में कार्य करने के लिए चयनित किया है। ज्ञात हो कि श्री जायसवाल लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न दायित्व में कार्य कर चुके हैं। उनके जिलाध्यक्ष कार्यकाल में पार्टी ने स्थानीय एवं विधानसभा चुनाव में अच्छी सफलता प्राप्त की थी। चुनाव संचालन का बेहतर अनुभव होने के कारण पश्चिम बंगाल चुनाव में जिन क्षेत्रों में भी श्री जायसवाल को पार्टी द्वारा कार्य में लगाया जाएगा निश्चय ही ऐसे क्षेत्रों में पार्टी को अवश्य लाभ मिलेगा। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने श्री जायसवाल को अपनी ओर से शुभकामनाएं देते हुए जिले के कार्यकर्ताओं के लिए इसे गौरव का विषय बताया है। जिलेभर के कार्यकर्ताओं द्वारा श्री जायसवाल को पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव में कार्य करने पर अपनी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ



**मनेन्द्रगढ़।** नशा मुक्त भारत के लिए युवा थीम पर शासकीय प्राथमिक शाला पुरानी लेदरी में राष्टीय सेवा योजना इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोंगापानी के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर पंचायत नई लेदरी के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह राणा तथा विशिष्ट अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति खोंगापानी के अध्यक्ष संतोष कुमार राय के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती रानी वियार, विकास दीवान, विमल जैन, राकेश मंडल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोंगापानी की प्राचार्य श्रीमती सुषमा टोप्पो, वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती मधु कश्यप, शैक्षिक समन्वयक नई लेदरी डॉ.अमूल्य चंद्र झा, शैक्षिक समन्वयक खोंगापानी गुरू प्रसाद चौधरी, प्रधान पाठक शासकीय माध्यमिक शाला खोंगापानी राम साहू, व्याख्याता हाईस्कूल नई लेदरी कलीराम श्रीवास, शासकीय प्राथमिक शाला पुरानी लेदरी के प्रधान पाठक, शिक्षकगण, विद्यार्थी सहित काफी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि वीरेन्द्र सिंह राणा ने राष्टीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एनएसएस युवाओं में सेवा भावना, अनुशासन और राष्ट निर्माण के संस्कार विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिविर की सभी गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता कर समाज को सकारात्मक दिशा देने का आह्वान किया।

**न्यायालय तहसीलदार पटना**
**जिला कोरिया छ.ग.**
रा.प्र.क्रं. ......................

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा समस्त ग्रामीण जनता ग्राम आंजोकला को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजाराम आ. स्व. झुरई जाति तेली निवासी ग्राम आंजोकला तहसील पटना जिला कोरिया छ.ग. द्वारा उपस्थित अपने स्व. सुखमन के मृत्यु दिनांक 26/04/2012 को होने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने आवेदक पत्र इस न्यायालय में पेश किया है जिस पर कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई।

जिस किसी हितबद्ध पक्षकार को उक्त मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के संबंध में आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभावक के जरिये दिनांक 05/02/2026 को उपस्थित होकर अपना आपत्ति कर सकता है, नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विवाद नहीं किया जावेगा। तदनुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 21/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार पटना**
**जिला-कोरिया छ.ग.**

## पीएचई सचिव ने ली जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक

# प्रत्येक ग्रामीण परिवार के घर पहुंचे नल कनेक्शन

**गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश दिए**

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

छग शासन के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुल हक ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन से संबंधित समीक्षा बैठक लेकर जिले में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मुख्य अभियंता संजय सिंह, अधीक्षण अभियंता प्रमोद सिंह कतलम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के दौरान सचिव ने ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर नियमित शुद्ध पेयजल आपूर्ति, नल कनेक्शनों की प्रगति, तकनीकी गुणवत्ता, सोलर आधारित जल प्रदाय योजनाओं तथा जल स्त्रोतों की स्थिरता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने प्रगतिरत कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के सख्त निर्देश दिए। सचिव श्री हक ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को व्यक्तिगत नल कनेक्शन के माध्यम से सुरक्षित एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने, लापरवाह ठेकेदारों पर कार्रवाई करने तथा फील्ड निरीक्षण बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में पानी की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए फील्ड टेस्ट किट से नियमित जांच, पानी की टंकियों की सफाई, क्लोरीनेशन, आरसीसी टंकियों एवं वितरण प्रणाली के तकनीकी निरीक्षण पर भी चर्चा की गई। साथ ही नल-जल मित्रों के प्रशिक्षण और जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन पर जोर दिया गया। सचिव ने कहा कि जल जीवन मिशन की सफलता में ग्राम पंचायतों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए जनपद पंचायत सीईओ को सरपंच-सचिव के साथ बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



बैठक लेते सचिव।

## जरूरतमंद महिला को मिली सिलाई मशीन

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ स्थित भगत सिंह तिराहा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस का पर्व पूरे हर्षोल्लास, देशभक्ति एवं सर्वधर्म सम्भाव की भावना के साथ मनाया गया। जनहित एवं सेवाभावी कार्यो के लिए समर्पित संस्था आम नागरिक मंच के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में राष्टीय एकता और सामाजिक सौहार्द का सुंदर उदाहरण देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान कृष्ण कुमार जायसवाल, सरदार जसपाल सिंह कालरा, पार्षद मो. हुसैन एवं अभय तेजबड़ा ने संयुक्त रूप से देश की आन-बान-शान के प्रतीक तिरंगे का ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात उपस्थित नागरिकों ने राष्टगान गाया। भारत माता की जय, गणतंत्र दिवस अमर रहे जैसे गगनभेदी नारों से संपूर्ण वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। समारोह न केवल राष्टीय पर्व का उत्सव था, बल्कि समाजसेवा, मानवीय संवेदना और एकता का जीवंत उदाहरण भी बना।



### 38 बार रक्तदान कर बचाई कई जिंदगियां

निजी शिक्षण संस्थान के संचालक एवं व्यवसायी सरदार जसपाल सिंह कालरा ने रक्तदान के क्षेत्र में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। लगभग 50 वर्ष की आयु में वे अब तक 38 बार रक्तदान कर कई जिंदगियां बचा चुके हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता। हमारे एक यूनिट रक्त से यदि किसी की जान बच सकती है तो हमें कभी पीछे नहीं हटना चाहिए। उन्होंने बताया कि रक्तदान न केवल मानव सेवा है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है।

### मायुमं का उत्कृष्ट सामाजिक योगदान

नगर में मारवाड़ी युवा मंच अध्यक्ष मनीष गोयल के नेतृत्व में समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सराहनीय कार्य कर रहा है। बीते वर्ष तहसील अंतर्गत ग्राम घुटरा में अगस्त, सितंबर एवं अक्टूबर में लगातार तीन माह तक 30 जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क कंप्यूटर शिक्षा प्रदान की गई। इसके अलावा मंच द्वारा पिछले कुछ वर्षों से दीपावली के अवसर पर जरूरतमंद परिवारों के साथ दीपोत्सव मनाकर मिष्ठान्न एवं पटाखों का वितरण किया जाता रहा है।

### गणतंत्र दिवस पर समाजसेवियों का सम्मान

77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आम नागरिक मंच द्वारा सामाजिक एवं सेवाभावी गतिविधियों में निःस्वार्थ भाव से योगदान देने वाले व्यक्तियों का शॉल एवं श्रीफल भेंटकर आत्मीय सम्मान किया गया। मंच ने समाज के प्रति समर्पित इन लोगों के कार्यों को याद कर दूसरों को भी सेवा के लिए प्रेरित किया।

## संविलियन पूर्व सेवा को पेंशन योग्य सेवा मान्य करने की मांग

**मुख्यमंत्री के नाम टीचर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

छग टीचर्स एसोसिएशन कोरिया के पदाधिकारियों ने शिक्षक (एलबी) संवर्ग के मांगों को लेकर मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, सचिव स्कूल शिक्षा विभाग, संचालक डीपीआई के नाम कलेक्टर कोरिया व जिला शिक्षा अधिकारी विनोद राय के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई है कि कि केन्द्र सरकार, उत्तरप्रदेश सरकार व उत्तराखंड सरकार की तरह छग राज्य में भी पेंशन निर्धारण के लिए 33 वर्ष अर्हकारी सेवा के स्थान पर 20 वर्ष अहंकारी सेवा होने पर 50 प्रतिशत पेंशन निर्धारण का प्रावधान किया जाए ल्यूनतम 10 वर्ष की सेवा अवधि पर पेंशन निर्धारण का प्रावधान है, इससे एलबी संवर्ग के अनेकों शिक्षक बिना पेंशन के सेवानिवृत हो रहे हैं। अतः न्यूनतम 5 वर्ष की सेवा अवधि पर पेंशन निर्धारण का प्रावधान किया जावे। छग राजपत्र शिक्षक पंचायत संवर्ग भर्ती तथा सेवा की शर्ते नियम 17 अगस्त 2012 के तहत शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य किया गया है, इसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता समाप्त किया जावे ,साथ ही सुप्रीम कोर्ट के 1 सितंबर 2025 को पारित निर्णय में हस्तक्षेप/पुनर्विचार याचिका दायर करते हुए शिक्षा विभाग द्वारा विभागीय सीमित परीक्षा आयोजित कर सेवारत शिक्षकों के हितों की रक्षा किया जाए। 30 हजार सहायक शिक्षक पदोन्नति एवं क्रमोन्नति से वंचित है, पदोन्नति के लिए दिए गए वन टाईम रिलेक्सेशन की तरह क्रमोन्नति के लिए 10 वर्ष की सेवा को एक बार वन टाइम स्कूलों में लगाई जाए, बायोमेट्रिक सिस्टम टीचर्स एसोसिएशन का कहना है कि सहायक शिक्षक, शिक्षक जो केवल डीएड या समकक्ष योग्यता रखते हैं, उन सभी के लिए एनसीटीई के नियमानुसार कोर्स निर्धारण कर 6 माह के बीएड ब्रीज कोर्स शीघ्र प्रारंभ किया जाए। स्कूलों में मोबइल वीएसके ऐप से ऑनलाइन अटेंडेंस के स्थान पर स्कूलों में बायोमैट्रिक (पंच) मशीन से उपस्थिति लिया जाए। रिलेक्सेशन के लिए शिथिल करते हुए 5 वर्ष में क्रमोन्नति का लाभ देने प्रावधान किया जाए। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में छग टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष बीरेन्द्र तिवारी, प्रदेश पदाधिकारी अशोक लाल कुर्रे, जिला पदाधिकारी महेश शिवहरे, लीला ,राम रंतेश, सुशील जायसवाल, दिनेश जायसवाल, बीपी सिंह, मुरली पटेल ,आश्रित तिर्की, मनोज कोरी, सुजीत गुप्ता, सुरेश शर्मा, रविकांत मिश्रा, अली अहमद, जिला मिडिया प्रभारी चेतनारायण कश्यप शामिल रहे।



### गणतंत्र दिवस पर शिक्षा का महापर्व



मनेन्द्रगढ़। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में शिक्षा और जागरूकता का अनूठा उत्सव देखने को मिला। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री अंकिता सोम के मार्गदर्शन में जिले के तीनों विकासखंडों के समस्त ग्रामों एवं वार्डों में उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत भव्य उल्लास मेला आयोजित किया गया। उल्लास मेला का मुख्य उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नवसाक्षर एवं असाक्षर महिला-पुरुषों में शिक्षा के प्रति रुचि जागृत करना तथा उन्हें बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान के साथ वित्तीय, डिजिटल, कानूनी, स्वास्थ्य साक्षरता और जीवन कौशल से जोड़ना रहा। मेले में शिक्षा को सरल एवं रोचक बनाने के लिए रिंग फेंको, वर्ण पहचानो, उंगली दौड़, जोड़ मशीन, जोड़ी मिलाओ तथा सुरीली कुर्सी जैसी गतिविधियों पर आधारित स्टॉल लगाए गए, जिनमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंकिता सोम शर्मा द्वारा जिले के सभी ग्रामों में शत-प्रतिशत उल्लास मेला आयोजन सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक अमले को सक्रिय किया गया।

## अंजनहिल माइंस में किया गया ध्वजारोहण

डोमनहिल। अंजनहिल माइंस प्राइवेट लिमिटेड ने भारत के 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्टीय ध्वज फहराकर तथा चिरमिरी एवं आसपास के गांवों में सामुदायिक हित से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर इस पावन दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया। समारोह के अंतर्गत कंपनी द्वारा 1,500 से अधिक विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए। साथ ही आगामी दिनों में प्राथमिक विद्यालयों को 300 से अधिक ड्यूल डेस्क-बेंच उपलब्ध कराने की घोषणा की गई, जिससे क्षेत्र में शिक्षा एवं सामाजिक विकास के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। ध्वजारोहण कार्यक्रम के पश्चात चिरमिरी क्षेत्र के 23 विद्यालयों के प्राथमिक से लेकर हाई स्कूल स्तर तक के विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करना तथा उन्हें नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित करना है। विद्यालयों की आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में कंपनी ने बताया कि 31 जनवरी तक ड्यूल डेस्क-बेंच का



वितरण पूर्ण कर लिया जाएगा। इससे उन प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को राहत मिलेगी, जहां वर्तमान में बच्चे कक्षा के दौरान जमीन पर टाट-पट्टी पर बैठने को मजबूर हैं, इसके अतिरिक्त विभिन्न विद्यालयों में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में भी अंजन माइंस प्राइवेट लिमिटेड ने सहभागिता करते हुए विद्यार्थियों को मिठाइयां एवं स्कूल बैग वितरित किए, जिससे उत्सव का वातावरण और अधिक उल्लासपूर्ण हो गया। कंपनी प्रतिनिधि ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें राष्ट निर्माण के प्रति हमारी साझा जिम्मेदारी का स्मरण कराता है।

### यूपीएससी चिकित्सालय डोमनहिल में ध्वजारोहण

डोमनहिल। यूपीएससी चिकित्सालय, डोमनहिल में चिकित्सा प्रभारी डॉ. आकांक्षा टोप्पो एवं डॉ. इशान खान द्वारा ध्वजारोहण किया गया। राष्टगान के पश्चात फार्मासिस्ट जीडी हुसैन ने चिकित्सालय की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी उपस्थित अतिथियों के समक्ष रखी। इस अवसर पर चिकित्सालय परिवार के समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं जनभागीदारी समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### एसईसीएल क्षेत्रीय मुख्यालय में 77 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह

डोमनहिल। एसईसीएल क्षेत्रीय मुख्यालय में 77 वां स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह और मयार्दा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक अशोक कुमार रहे। उन्होंने ध्वजारोहण कर राष्टीय ध्वज को सलामी दी तथा सुरक्षा कर्मियों की परेड का निरीक्षण किया। इसके पश्चात कार्मिक अधिकारी द्वारा सीएमडी के संदेश का वाचन किया गया, जिसमें कंपनी की उपलब्धियों, भावी योजनाओं एवं कर्मचारियों की सहभागिता पर प्रकाश डाला गया। महाप्रबंधक अशोक कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता हमारे वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग का परिणाम है, जिसे सहेजना और देश के विकास में योगदान देना हम सभी का कर्तव्य है।

### चिरमिरी ओपन कास्ट परियोजना में ध्वजारोहण

डोमनहिल। चिरमिरी ओपन कास्ट परियोजना में ध्वजारोहण उप क्षेत्र प्रबंधक मनीष कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रबंधक संतोष कुमार, अधिकारीगण, कर्मचारी एवं श्रम संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के पश्चात परेड की सलामी ली गई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए श्रमिक नेता देवेन्द्र नाथ शर्मा ने सभी से स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को अपनाकर देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

### शान से लहराया तिरंगा गूंजे देशभक्ति के नारे-

सोनहत। राष्टीय पर्व के अवसर पर खंड स्तर पर विभिन्न शासकीय व अशासकीय विद्यालयों, ग्राम पंचायतों, कार्यालयों एवं शासकीय दफ्तरों में पूरे आन-बान-शान के साथ ध्वजारोहण कर कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्यालय स्तर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, एकलव्य विद्यालय, कन्या हाई स्कूल तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विशाल प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी के दौरान गगनभेदी देशभक्ति नारों के साथ देश के वीर शहीदों को श्रद्धापूर्वक याद किया गया।

## 26 जनवरी को उत्कृष्ट छात्रों का सम्मान विधायक ने किया प्रोत्साहित



गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र में शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर विधायक भईयालाल राजवाड़े द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। जिला कोरिया के छात्र सिद्धांत सिंह आत्मज प्रकाश सिंह ने सत्र 2024-25 में छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में राज्य की प्रावीण्य सूची में छठा स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया। उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वहीं अभिनंदन बड़ेरिया, आत्मज आलोक बड़ेरिया ने सत्र 2024-25 में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें भी लैपटॉप प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित

जन शिक्षण संस्थान में 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के चेयरमैन राजेश पाठक उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना के प्रोजेक्ट डायरेक्टर राजीव पाठक तथा बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट की सदस्या श्रीमती ममता शर्मा शामिल रहीं। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता गौतम सिंह एवं रवी पाण्डेय की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत में संस्थान के निदेशक विजय उपाध्याय द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि राजेश पाठक ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारे देश में संविधान लागू हुआ और भारत एक गणतंत्र राष्ट बना। यह दिवस हमें देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को बनाए रखने की शपथ लेने की प्रेरणा देता है। श्री पाठक ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी का पर्व पूरे देश में जोश और उत्साह के साथ मनाया जाता है। हमें पूरी ईमानदारी और अनुशासन के साथ राष्ट के विकास में योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए। संस्थान के निदेशक विजय उपाध्याय ने संस्थान में वर्तमान में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर लाभान्वित हितग्राहियों की सफलता की कहानियों पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर संस्थान के संजीव विश्वकर्मा, श्रीमती अर्चना सिन्हा, कृष्णभूषण उपाध्याय सहित लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना से आनंद कुमार, निर्मल जायसवाल, श्रीमती साक्षी जायसवाल, श्रीमती अभिलाषा एवं श्रीमती अंजली दूबे उपस्थित रहीं।



## प्रशासन की बेदखली की तैयारी से मनवारी के ग्रामीणों में उबाल, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

जिला मुख्यालय एमसीबी के अंतर्गत ग्राम मनवारी में भूमि बेदखली के मुद्दे ने तूल पकड़ लिया है। खसरा नंबर 286 एवं 374 की भूमि पर वर्षों से काबिज और खेती कर रहे हितग्राहियों को हटाने की सुगबुगाहट से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उन्हें उनकी जीविका के साधन से बेदखल किया गया, तो वे भूख हड़ताल और उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे। ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 2003 में तत्कालीन कलेक्टर कोरिया द्वारा ग्राम मनवारी के भूमिहीन परिवारों को इस जमीन पर खेती के लिए अस्थायी पट्टा प्रदान किया गया था। पिछले दो दशकों से ये परिवार बंजर भूमि को उपजाऊ बनाकर न केवल अपना पेट पाल रहे हैं, बल्कि धान की फसल उगाकर सहकारी समिति में विक्रय भी कर रहे हैं। कई परिवारों ने इसी भूमि पर अपने आशियाने भी बना लिए हैं। विवाद की मुख्य वजह उक्त भूमि को स्कूल के खेल मैदान के लिए आरक्षित करने की प्रक्रिया है। ग्रामीणों का तर्क है कि, जिस भूमि पर वे काबिज हैं, वह उनकी आजीविका का एकमात्र साधन है। वर्तमान स्कूल परिसर से महज 1 किमी की दूरी पर पर्याप्त शासकीय भूमि उपलब्ध है, जिसे खेल मैदान के लिए उपयोग में लाया जा सकता है। बसा-बसाया घर उजाड़ने से कई परिवार बेघर और दाने-दाने को मोहताज हो जाएंगे।



### सरपंच और जनप्रतिनिधियों का मिला समर्थन

इस संवेदनशील मामले में ग्रामीणों को पंचायत सरपंच और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का पुरजोर समर्थन मिल रहा है। ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने अनुविभागीय अधिकारी और कलेक्टर एमसीबी को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। जनप्रतिनिधियों ने भी प्रशासन से अपील की है कि हितग्राहियों के हितों को ध्यान में रखते हुए बेदखली की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाई जाए। हम 22 सालों से पसीने से सींचकर इस जमीन पर खेती कर रहे हैं। अब हमसे हमारी जमीन छीनकर हमें बेघर करने की तैयारी की जा रही है। यदि प्रशासन ने अपनी योजना नहीं बदली, तो हम सामूहिक भूख हड़ताल करेंगे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### विधायक ने किया...

कि अभियान की सफलता के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय आवश्यक है। उन्होंने अभियान को जन-आंदोलन के रूप में सफल बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आम नागरिकों से सक्रिय सहभागिता की अपील की। कार्यक्रम में जिला परियोजना एवं सांख्यिकी अधिकारी पीपी सिंह, नीति आयोग के एबीपी फेलो डॉ. इरशाद खान सहित जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे।

### कॉलेज में नशामुक्त...

रामजी गर्ग, शुभम कुमार गोयल, डॉ.रिंकी तिवारी, शिवकुमार, शिवानंद साकेत, सुमित कुमार तिवारी, अल्पना रानी खलखो, थनेन्द्र कश्यप, अभिषेक कुमार सिंह, मनीष कुमार श्रीवास्तव, सुनीत जॉनसन बाड़ा, भोले प्रसाद रजक, पारूल पटेल, कमलू सिंह मार्को की उपस्थिति सराहनीय रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में आकांक्षू श्रीवास्तव, आंचल शर्मा, शशि, संजना, माया, ऋतु, समिला, सरिता, जवेद्रा, अभिषेक, शिल्पी प्रजापति का विशेष योगदान रहा।

### एनसीसी की ए...

में ड्रिल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया, साथ ही यातायात प्रशिक्षण में कोरिया पुलिस प्रशासन के साथ अपनी सहभागिता निभाई। स्वच्छता कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्थानों में श्रमदान कर आम नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया। कमान अधिकारी कर्नल सेंथिल कुमार एस., प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अमित यादव, विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कृपा कल्याणी टोप्पो, पूर्व एनसीसी अधिकारी द्वय आरपी सिंह, यूएस शुक्ला, पूर्व शिक्षक आदित्य नारायण मिश्रा, एनसीसी अधिकारी संजीव कुमार जायसवाल, सूबेदार जनरैल सिंह, मो. आरीफ एवं अन्य विद्यालयीन स्टॉफ द्वारा एनसीसी के 2 वर्ष का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त करने पर उन्हें बधाई दी।

### कुमार चौक में...

कांग्रेस ने मांग की है कि धान खरीदी की समय-सीमा 15 फरवरी तक बढ़ाई जाए, ताकि सभी किसान अपना धान बेच सकें। धरना स्थल से कांग्रेस पार्टी की ओर से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन के माध्यम से आग्रह किया गया कि मनरेगा को उसके मूल अधिकार आधारित स्वरूप में यथावत रखा जाए, केन्द्र सरकार द्वारा किए जा रहे ।

### पूर्व विधायक कमरो...

तथा किसानों-मजदूरों के अधिकारों की आवाज बुलंद की गई। कार्यक्रम के माध्यम से कांग्रेस नेताओं ने सरकार को स्पष्ट संदेश दिया कि मनरेगा धान खरीदी और ग्रामीण रोजगार जैसे मुद्दों पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन के पश्चात कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) के नाम ज्ञापन सौंपकर मांगों से अवगत कराया गया।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411